देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 113 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 31 जुलाई 2020


विचार-प्रवाह...मनरेगा से मिली मदद





मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 23.0°

37736.07

2 लंबे टकराव की तैयारी में जुटा चीन

7 सचिन तेंडुलकर ने भी कहा, 'जय हिंद'

## संक्षिप्त समाचार

### जया जेटली की 4 साल की सजा कुछ घंटों में सस्पेंड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रक्षा सौदे में भ्रष्टाचार के मामले में समता पार्टी की पूर्व अध्यक्ष जया जेटली को ट्रायल कोर्ट से हुई 4 साल की सजा को दिल्ली हाई कोर्ट ने सस्पेंड कर दिया है। 2000-2001 के मामले में दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को ही जेटली और 2 अन्य लोगों को 4 साल कैद की सजा सुनाई थी। इस सजा के खिलाफ वह दिल्ली हाई कोर्ट पहुंची थी, जिसने सजा को सस्पेंड कर दिया। निचली अदालत ने तीनों दोषियों को आज ही सरेंडर करने को कहा था लेकिन जया जेटली को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है।

### अब केविएट दाखिल करेंगे सुशांत के पिता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में उनके पिता केके सिंह ने बेटे की गर्लफ्रेंड रहीं रिया चक्रवर्ती सहित छह के खिलाफ पटना में एफआइआर दर्ज कराई है। उन्होंने रिया पर सुशांत के बैंक खाते से निकासी और सुसाइड के लिए मजबूर करने के आरोप लगाए हैं। मामले की जांच के लिए बिहार पुलिस की टीम अभी मुंबई में है। इस बीच रिया चक्रवर्ती ने सुप्रीम कोर्ट एफआइआर को मुंबई ट्रांसफर करने के लिए याचिका दाखिल की है। सुशांत के पिता इसके लिए सुप्रीम कोर्ट में केविएट दाखिल करने की बात कही है। वहीं सुको ने सुशांत मामले की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है।

### दिल्ली में सस्ता हुआ डीजल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल गुरुवार को दिल्लीवालों को बड़ा तोहफा दिया है। केजरीवाल ने राज्य में डीजल पर वैट के रेट में बड़ी कमी करने का ऐलान किया है। कैबिनेट की बैठक के बाद केजरीवाल ने बताया कि फैसला किया गया है कि राज्य में आर्थिक गतिविधियों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिए जाए।

# उग्रवादी हमला, 3 जवान शहीद

## पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने घात लगाकर किया असम रायफल्स के जवानों पर हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत-म्यांमार सीमा के नजदीक मणिपुर में तलाशी अभियान के दौरान उग्रवादी गुट पीपल्स लिबरेशन आर्मी के घात लगाकर किए गए हमले में असम रायफल्स के 3 जवान शहीद हो गए जबकि 4 जवान घायल हैं। हथियारबंद पीएलए के उग्रवादियों ने अचानक 4 असम रायफल्स यूनिट के जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी।

मणिपुर में पीएलए के उग्रवादियों ने गुरुवार सुबह जवानों पर यह हमला किया। सूत्रों ने बताया कि आतंकियों ने पहले आईईडी विस्फोट किया और जवानों पर फायरिंग झोंक दी। इंफाल से 100 किलोमीटर दूर इस इलाके के लिए बडी संख्या में जवानों को भेजा गया है।

माना जाता है कि पीएलए को

■उग्रवादियों की धरपकड़ के लिए तलाशी अभियान जारी

चीन की तरफ से वित्तीय सहायता मुहैया कराई जाती है। भारतीय खुफिया एजेंसियों के मुताबिक चीन की मदद के बूते यह उग्रवादी संगठन भारतीय जवानों पर हमला करते हैं। इस उग्रवादी संगठन की स्थापना 1978 में एन विशेश्वर सिंह ने की थी।

**मणिपुर को स्वतंत्र राज्य बनाने की मांगः** बता दें कि मणिपुर पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) एक उग्रवाटी गुट है। 25 सितंबर 1978 में एन बिशेश्वर सिंह ने इसका गठन किया था। यह गुट भारत के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर को अलग स्वतंत्र सोशलिस्ट राज्य बनाने की मांग कर रहा है। यह गुट पूरे राज्य के लिए लड़ाई का दावा करता है हालांकि मणिपुर में नागा, कुकी और आदिवासी समुदाय वास्तव में इस गुट का हिस्सा नहीं है।

**भारतीय सेना पर गुरिल्ला हमला करता है गुटः** इस गुट में मणिपुर के मेइती-पंगल समुदाय के लोग शामिल हैं जो मणिपुर में काफी पिछड़ी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग माना जाता है। जबसे पीएलए का गठन हुआ है, यह भारतीय सुरक्षाबलों पर गुरिल्ला हमले के जरिए निशाना साधता है। भारतीय सेना, अर्धसैन्य बल और राज्य पुलिस के जवानों पर हुए हमले में कई बार पीएलए का नाम आ चुका है।

नब्बे के दशक के आखिर में इस गुट ने मणिपुर पुलिस पर हमला न करने का एकपक्षीय फैसला सुनाया था।

### चीन पर हथियार मुहैया कराने के आरोप लगते रहे



आरोप है कि पूर्वोत्तर में अलगाववादी गुट को चीन से सीक्रेट और सिलेक्टिव मदद मिलती है। चीन पर उपद्रव गुट को हथियार मुहैया कराने के आरोप लगते रहे हैं। देश के सीमावर्ती इलाकों में दशकों से जारी उग्रवाद के बने रहने की यह एक बड़ी वजह है। 2012 में एनआईए ने सीपीआई माओवादी और पीएलए की मिलीभगत का खुलासा करते हुए बताया था सीपीआई माओवादियों ने 2006 से 2011 के बीच चीनी शस्त्रों और हथियारों को म्यांमार से कोलकाता होते हुए गुवाहाटी पहुंचाया था।

### चीन के लिए आंख और कान है पीएलए

आरोप है चीन ने म्यांमार में मौजूद काचिन इंडिपेंडेंट आर्मी (केआईए) के जरिए पीएलए के जत्थों को ट्रेनिंग दिलवाई थी। हालांकि इस पर कोई पुख्ता प्रमाण नहीं आया है। यह भी कहा जाता है कि मणिपुर पीएलए चीन के लिए आंख और कान है। चीन अपनी जरूरत के हिसाब से विध्वंसक गतिविधियों के लिए पूर्वोत्तर के विद्रोही गुट का इस्तेमाल करता है।

# एलएसी पर 35,000 अतिरिक्त जवानों को तैनात करेगा भारत

## चीन की किसी भी हिमाकत के जवाब की पुख्ता तैयारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर जारी तनाव के बीच भारत ने भी चीन की किसी भी हिमाकत का तत्काल मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी कर ली है। पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों के बीच सैन्य तनातनी के लंबा खींचने के संकेतों के बीच भारत चीन से लगी सीमा पर 35,000 अतिरिक्त जवानों की तैनाती करने जा रहा है। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है।

अधिकारियों ने मीडिया से बातचीत के नियमों का हवाला देते हुए पहचान न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि इस सीमा से 3,488 किलोमीटर लंबी लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर यथास्थिति बदल जाएगी। 15 जून को पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के सैनिकों के बीच खूनी संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया था जिसे कम करने के लिए कई दौर की सैन्य बातचीत हो चुकी है। खूनी संघर्ष में भारत के 21 जवान और अफसर शहीद हुए थे जबकि चीन के कम से कम 45 सैनिक मारे गए। पेइचिंग ने अपने सैनिकों के मारे जाने की बात तो कबूल की थी लेकिन कभी भी आधिकारिक तौर पर उनकी संख्या नहीं बताई थी।

गलवानी घाटी में हुई खूनी झड़प के बाद भारत ने भी सीमा पर अतिरिक्त सैनिकों, तोप और टैंकों की तैनाती की है। अधिकारियों ने बताया कि हालात की मांग है कि वहां और भी ज्यादा सैनिकों की तैनाती की जाएगी।

भारत अब तक पाकिस्तान से लगी सीमा पर ही सैन्य तैनाती पर खास ध्यान देता रहा है क्योंकि सीमा पार से आतंकी घुसपैठ और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की नापाक साजिशें चलती रहती हैं। अब भारत ने एलएसी पर भी सैन्य तैनाती बढ़ा रहा है।

### सेनाओं के आधुनिकीकरण की बहुत जरूरत

मिलिटरी पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाला तीसरा देश होने के बावजूद भारत की सेनाओं के आधुनिकीकरण की बहुत जरूरत है। रक्षा बजट का करीब 60 प्रतिशत हिस्सा सैलरी और पेंशन के मद में चला जाता है। बजट का बाकी हिस्सा पुरानी खरीदारियों पर खर्च हो जाता है। एलएसी पर बड़े पैमाने पर अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती पर विशेषज्ञों का कहना है कि इससे सैन्य बजट पर भार पड़ेगा।

# देहरादून में कोरोना पॉजिटिव संक्रमितों की संख्या हुई 1551

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ0 आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि जनपद में कोरोना वायरस संक्रमण के दृष्टिगत 61 सैम्पल जाचं हेतु भेजे गये तथा 94 सैम्पल की रिपोर्ट प्राप्त हुई जिनमें 34 सैम्पल पॉजिटिव आने के फलस्वरूप जनपद में कोरोना पॉजिटिव संक्रमितों की संख्या 1551 हो गयी है, जिनमें 401 व्यक्ति वर्तमान में उपचाररत् हैं। इसके अतिरिक्त जनपद में आज कुल 870 व्यक्तियों के सैम्पल लिये गये।

गुरूवार को-मोर्बिडिटी मॉनिटरिंग और सर्विलांस कन्ट्रोलरूम से को-मोर्बिडिटी अवस्था वाले कुल 60 व्यक्तियों से दूरभाष पर सम्पर्क कर उनके स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी। आशा कार्यकर्तियों द्वारा जनपद देहरादून अन्तर्गत बनाये गये विभिन्न कन्टेंनमेंट जोन में व्यक्तियों की सामुदायिक निगरानी का कार्य किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत 1838 व्यक्तियों का फॉलोअप किया जा चुका है। अन्य राज्यों से जनपद में पंहुचे कुल 526 व्यक्तियों को स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत क्वारेंटीन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों द्वारा आज जनपद में शहरी क्षेत्र, विकासखण्ड सहसपुर एवं रायपुर क्षेत्रान्तर्गत 85733 व्यक्तियों की सामुदायिक निगरानी का कार्य किया गया।

गुरूवार को विभिन्न चिकित्सालयों/स्वास्थ्य कार्मिकों को 126 एन-95 मास्क, 890 ट्रिपल लेयर मास्क, 30 पीपीई किट, 1840 वीटीएम वायल, 59 सेनिटाइजर, 40 सर्जिकल गलब्स, 3250 एक्सामिनेशन गलब्स वितरित किये गये।

### कोरोना अपडेट

**60 को चिकित्सकीय पर्ची पर ली सर्दी,खांसी कर दवा**

प्रतिबन्धित किये जाने के उपरान्त समस्त मेडिकल स्टोर स्वामियों द्वारा जनपद में कुल 60 व्यक्तियों को चिकित्सकीय पर्ची के आधार पर सर्दी, खांसी व जुकाम की दवाइयां विक्रय की गयी।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# बकरीद पर कुर्बानी से रोका तो करेंगे प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। मुंबई में मुस्लिम कार्यकर्ताओं और मौलानाओं ने आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि महा विकास अगाड़ी सरकार से उनका मोह भंग हो गया है। सरकार बकरीद पर पशुओं को बलि और कुर्बानी देने को लेकर अड़चने लगा रही है। बुधवार को इस संबंध में मौलानाओं ने वर्चुअल मीटिंग करने के आंदोलन की चेतावनी जारी की।

### नाराजगी

महाराष्ट्र सरकार की गाइडलाइन को लेकर मौलानाओं ने बोला हमला

उद्धव ठाकरे की सांप्रदायिक सरकार को मौलानाओं ने आड़े हाथों लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने बकरीद पर कुर्बानी को बहुत कठिन बना दिया है। यहां तक कि ऑनलाइन बकरों की खरीद-फरोख्त को लेकर भी अड़चने लगाई जा रही हैं। उनके ट्रांसपोर्ट के दौरान वाहनों को रोका जा रहा है।

मौलानाओं ने आरोप लगाया कि दूसरे राज्यों से सप्लाई होने वाले बकरों के वाहन बॉर्डर पर रोके जा रहे हैं। चेकपोस्ट पर उन्हें एंट्री नहीं दी जा रही है।